पत्रांक- वि०प्रा० एवं त०शि०(VIII) यो०-38/2025

बिहार सरकार

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

स्वीकृत्यादेश

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार,
वीरचंद पटेल मार्ग, पटना।

पटना, दिनांक :-........./......./...........

विषयः- राज्य के अभियंत्रण महाविद्यालयों में संचालित डिग्री अभियंत्रण प्रोग्राम के पाठ्यक्रम को परिणाम आधारित बनाने एवं प्रौद्योगिकी में अद्यतन प्रगति के अनुरूप विकसित करने हेतु परामर्श एवं प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR), भोपाल को नामित करने एवं उक्त कार्य हेतु जी०एस०टी० सहित कुल रू० 1,75,23,000.00 (एक करोड़ पचहत्तर लाख तेईस हजार रूपये) मात्र बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR), भोपाल को विमुक्त करने की स्वीकृति के संबंध में।

आदेशः- स्वीकृत।

राज्य सरकार ने दिनांक-08.07.2026 को सम्पन्न मंत्रीपरिषद की बैठक में मद संख्या-15 अन्तर्गत राज्य के अभियंत्रण महाविद्यालयों में संचालित डिग्री अभियंत्रण प्रोग्राम के पाठ्यक्रम को परिणाम आधारित बनाने एवं प्रौद्योगिकी में अद्यतन प्रगति के अनुरूप विकसित करने हेतु परामर्श एवं प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR), भोपाल को नामित करने एवं उक्त कार्य हेतु जी०एस०टी० सहित कुल रू० 1,75,23,000.00 (एक करोड़ पचहत्तर लाख तेईस हजार रूपये) मात्र बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR), भोपाल को विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

2. राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR), भोपाल का पत्रांक-777, दिनांक-19.08.2025 द्वारा बिहार अभियंत्रण वि विविद्यालय, पटना से सम्बद्ध 25 डिग्री अभियंत्रण/प्रौद्योगिकी प्रोग्राम का परिणाम आधारित पाठ्यक्रम बनाने एवं अद्यतन रूप से विकसित करने हेतु कुलपति, बिहार अभियंत्रण वि विविद्यालय, पटना को प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया था।

3. कुल सचिव, बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना का पत्रांक-785, दिनांक-26.09.2025 के द्वारा वित्त समिति के सप्तम् बैठक में की गई अनुशंसा के आलोक में बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना के सम्बद्ध अभियंत्रण महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित डिग्री अभियंत्रण प्रोग्राम के पाठ्यक्रम को परिणाम आधारित बनाने एवं प्रौद्योगिकी में अद्यत्तन के अनुरूप विकसित करने हेतु परामर्श एवं प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR)] भोपाल को नामित करने तथा इस कार्य हेतु जी०एस०टी० सहित कुल रू० 1,75,23,000.00 (एक करोड पचहत्तर लाख तेईस हजार रूपये) मात्र स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया था।

4. उक्त राशि का व्यय, मांग सं०-43 अन्तर्गत "स्थापना प्रतिबद्ध व्यय बजट" के "मुख्य शीर्ष -2203-तकनीकी शिक्षा, उप मुख्यशीर्ष -00-, लघुशीर्ष -102- तकनीकी शिक्षा के लिए विश्वविद्यालयों को सहायता, उपशीर्ष -0002- बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय" के अधीन विषयशीर्ष "3106 - सहायक अनुदान-गैर वेतन मद" (विपत्र कोड 43-2203001020002) में अनुदानित राशि अथवा बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना के आंतरिक स्त्रोत से किया जायेगा।

5. मंत्रिपरिषद् की दिनांक–08.07.2026 को सम्पन्न बैठक में मद संख्या–15 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है।
6. स्वीकृत्यादेश पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका सं०–वि०-प्रा० एवं त० शि० (VII) यो०–38/2025 के पृ० 33/टि० पर प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से
ह०/–
(कुमार सिद्धार्थ)
संयुक्त सचिव,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना

ज्ञापांक सं०–वि०प्रा० एवं त०शि०(VII) यो०–38/2025 /पटना, दिनांक

**प्रतिलिपिः**– प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/कुलपति/कुलसचिव, बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय,पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
संयुक्त सचिव,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– वि०प्रा० एवं त०शि०(VII) यो०–38/2025 4365/पटना, दिनांक 30.7.26

**प्रतिलिपि** :– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अपर सचिव–सह–निदेशक के कोषांग/सभी पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

संयुक्त सचिव,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।